शारदीय नवरात्र 2023 | राजधानी के पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं का लगा तांता, जागरण और डांडिया की धूम

# बेलवरण के बाद पूजा पंडालों के खुल गये पट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा के रंग में राजधानी रांची पूरी तरह रंग गयी है। शारदीय नवरात्र के छठे दिन षष्ठी को मां के छठे स्वरूप देवी कात्यायनी की पूजा हुई। बेलवरण अनुष्ठान के बाद राजधानी के सभी पूजा पंडाल के पट खुल गये। सभी पूजा पंडाल के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गयी। शहर के पूजा पंडालों में इस बार भी एक से बढ़कर एक प्रतिमा स्थापित की गयी हैं। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते बन रहा है। हर तरफ मां की भक्ति गीतों की ध्वनि गूंजायमान है। कहीं जागरण तो कहीं डांडियां की धूम है। झूले पर बच्चों की किलकारियां गूंज रही है। भारतीय नवयुवक संघ बकरी बाजार, आरआर स्पोंटिंग क्लब रातू रोड, चन्द्रशेखर आजाद दुर्गापूजा समिति मेन रोड में काफी भीड़ देखी गयी।

चिरौंदी स्थित वृंदावन कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, नव जागृति युवा क्लब रविस्टील, शिवसेना क्लब लक्ष्मी नगर पिस्का मोड़, बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति दीपाटोली, कोकर दुर्गा पूजा समिति, सत्य अमर लोक हरमू रोड, शक्ति स्त्रोत संघ गाड़ी खाना, प्रगति प्रतीक क्लब, मां भवानी दुर्गा पूजा समिति पिस्का मोड़, उपकार क्लब चुटिया, दुर्गा बाड़ी मेन रोड, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति, बिहार क्लब कचहरी रोड, त्रिकोण हवन कुंड, ज्योति संगम, हरिमति मंदिर वर्द्धमान कंपाउंड, आरएंडडी सेल कॉलोनी, मेकन कॉलोनी पूजा समिति, श्रीश्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति साउथ रेलवे कॉलोनी, ज्योति संगम दुर्गा पूजा समिति, संग्राम क्लब कचहरी चौक, गीतांजलि क्लब मोरहाबादी, चर्च रोड पूजा समिति, बिहारी मंडप हिनू, छप्पन सेठ पूजा समिति डोरंडा, मेकॉन पूजा समिति, हर्षनाथ शाहदेव दुर्गा पूजा कटहल मोड़, बिरसा चौक पूजा समिति, सेक्टर टू धुर्वा और धुर्वा बस स्टैंड दुर्गा पूजा समिति, सरकारी बस स्टैंड पूजा समिति सहित शहर के तमाम पूजा पंडाल के पट खुल गये। चतुर्थी और पंचमी के दिन भी शहर के कुछ पूजा पंडाल खोल दिये गये थे।

### बांधगाड़ी पूजा पंडाल का सीएम ने किया उदघाटन

चन्द्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में शुक्रवार को जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध गायिका निशा उपाध्याय की भक्ति गीतों पर लोग झूमते नजर आये। नवजागृति युवा क्लब,रविस्टील पंडाल का उद्घाटन नवीन जायसवाल ने किया। क्लब के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि रात्रि में जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजधानी के विभिन्न चौक चौराहों पर स्वागत दरवाजे बनाए गए हैं ताकि लोग पंडाल में घुसने से पहले ही साज सज्जे को देखकर रोमांचित हो जाएं। घरों को लाइट से सजाया गया है।


बांधगाड़ी दुर्गा पूजा समिति

## एसएसपी ने शिवसेना दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**रांची।** शुक्रवार को पिस्का मोड़ लकड़ीटाल स्थित पूजा पंडाल शिवसेना दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर संरक्षक उदयप्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अध्यक्ष रामाकांत ओझा, बैजू सोनी, नरेश पंडित समेत समिति के पदाधिकारियों ने एसएसपी को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया।

## श्री राम मंदिर चुटिया में शस्त्र पूजन



**रांची।** श्रीराम मंदिर चुटिया में विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति दीदी की ओर से शस्त्र पूजन कर शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर आशा लकड़ा को कैलाश केशरी ने शस्त्र देकर सम्मानित किया। आशा लकड़ा ने बताया कि आज की महिला को शस्त्र की जरूरत है। मौके पर मातृ शक्ति प्रांत प्रमुख दीपा रानी कुंज, विहिप महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, प्रकाश रंजन, समृद्धि कुमारी, इंद्राणी रॉय, उषा देवी, ममता, सुरूति देवी, रेणु सिंह,ललिता ओझा, रेखा महतो, रेखा केशरी, बबिता वर्मा, मीना देवी, पूजा सिंह, सीता देवी, कुंती देवी, चम्पा देवी, पुष्पा देवी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने डॉक्टर और पत्रकारों को दिया सम्मान



**रांची।** राजधानी रांची के चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पदाधिकारी समेत सभी सदस्यों ने शहर के चिकित्सकों और पत्रकारों को आमंत्रित कर सम्मानित किया। उन्हें प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। देर शाम भोजपुरी कलाकार नेहा उपाध्याय समेत अन्य कलाकारों को सम्मानित किया गया। कलाकारों की प्रस्तुति से वहां मौजूद श्रद्धालु झूमने लगे। देर रात तक भजनों का दौर चला। मौके पर आये शहर के वरिष्ठ जनों को अध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर मिंटू चौबे, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार मौजूद थे।

# डीआइजी ने वृंदावन कॉलोनी पूजा समिति पंडाल का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र के षष्ठी पूजा बेलवरण के बाद चिरौंदी स्थित वृंदावन कॉलोनी दुर्गापूजा समिति पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। पट का अनावरण दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआइजी अनूप बिरथरे ने किया। पूजा समिति की ओर से अनूप बिरथरे को माता का चुनरी से सम्मानित किया गया। पट अनावरण के समय शंख ध्वनि से गूंजायमान हो गया।

मौके पर समिति के संरक्षक जैन नंदू, अरुण कुमार सिंह, दैनिक खबर मन्त्र अखबार की मुख्य प्रबंध निदेशक मंजू सिंह, विजय कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद सिंह और वृंदावन कॉलोनी दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राठौर, उपाध्यक्ष आरएन प्रसाद, सचिव धनेश सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह, उप सचिव जेपी पांडेय, धीरज सिंह, संतोष कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, रामलोचन प्रसाद, सुमित कुमार, प्रमोद कुमार, श्रीपति गिरी, डॉ सुशील कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह और समिति के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।


वृंदावन कॉलोनी, चिरौंदी

## श्री श्री दुर्गाबाड़ी का पट खुला, मां भवानी के भक्तों का उमड़ा सैलाब


श्री श्री दुर्गाबाड़ी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्री दुर्गाबाड़ी में शुक्रवार को प्रातः 6:23 बजे मां दुर्गा का पट खुला। पट खुलते ही महाषष्ठी पूजा के अवसर पर दुर्गाबाड़ी में लोगों का तांता लगा रहा। प्रातः ही 8.20 के अंदर देवी का कल्पारम्भ हुआ एवं सांय काल में देवी का बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास हुआ इसके बाद मां भगवती का शृंगार किया गया। साथ ही माता रानी के दर्शन के लिए मां भवानी के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सभी कार्यक्रम बंगाल से आए पुरोहित शांतनु भट्टाचार्य एवं काशीनाथ भट्टाचार्य के साथ-साथ दुर्गाबाड़ी के शैतानग सेन, श्यामल राय, संदीप चौधरी, प्रदीप राय, जयंताकार, नारायण प्रमाणिक एवं अन्य सदस्यों का काफी सहयोग रहा।

# वित्त मंत्री ने किया छप्पन सेट पूजा पंडाल का उद्घाटन, उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ महानगर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे, संरक्षक लाल किशोर नाथ शाहदेव, प्रो. विजय कुमार सिंह समेत कई लोगों ने डोरंडा में छप्पन सेट पूजा समिति के पंडाल का उदघाटन किया। मौके पर डब्लू मिश्रा, रांची महानगर काली पूजा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, पूर्व महानिदेशक विद्युत बोर्ड गोपी नाथ मुण्डा शाहदेव ने षष्ठि तिथि मां कात्यायनी की पूजा की। मौके पर वित्त मंत्री महाआरती में भी शामिल हुए। उनके चरणों में शीश झुकाकर राज्य की खुशहाली, राज्य वासियों के बेहतर जीवन, उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि, शांति, सद्भावना, प्रेम भाईचारा की कामना की।


छप्पन सेट, डोरंडा

सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे, सचिव विजय गुप्ता ने सभी अतिथियों को माता का चुनरी भेंट कर स्वागत किया। गोपी दूबे ने कहा छप्पन सेट आवासीय परिसर में इस वर्ष 61वां दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। बंगाल का ढ़ाक, आकर्षक विद्युत सज्जा एवं चन्द्रयान 3 का पूजा पंडाल लोगों को आकर्षित कर रहा है। इन चार दिनों में बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, भव्य डांडिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। समिति के संरक्षक कपिलदेव सिंह, सचिव विजय गुप्ता, महेन्द्र प्रसाद, गोपाल तिवारी, पंकज तिवारी, कमलेश कुमार, पान सिंह, दीपक ठाकुर, शशि कुमार, विवेक सिंह, अजय थापा, मनोज सिंह, जेडी गुरुंग, नितिन कुमार, कमलेश झा, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, अश्वनी कुमार, बबलू विजयवर्गीय, विवेक छेत्री, रोहित छेत्री, मनोज सिंह, पासवा वोलेंटियर्स मो. अजहर, अनिकेत कुमार, विशाल सिंह, रोहणी कुमारी, संजय कुमार, सत्या कुमार पूजा संपन्न कराने में मुख्य रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने युवा दस्ता के मुख्य मंच का किया उद्घाटन

**रांची।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक दुबे ने युवा दस्ता के मुख्य मंच का उद्घाटन किया। एसडीओ दीपक दुबे एवं रामधन बर्मन ने सदस्यों को प्रशासन के हस्ताक्षर युक्त परिचय पत्र देकर सभी पंडाल में तैनात रहने के लिए रवाना किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से दुर्गा पूजा सफल बनाने की अपील की और किसी प्रकार की परेशानी होने पर सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, राजेश गुप्ता छोटू, मंटू दुबे, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, शाहिल कुमार, सुमित साहू, पिंटू तिवारी, आयुष सिंह, मनीष केसरी, ओम प्रकाश शर्मा, सोनू भारद्वाज, अभिनव पासवान, नवनीत पांडेय, मनीष साहू, अमित केसरी, टिंकू महतो, राजेश राम, सागर कुमार, सोनू पटवा, आयुष सिंह, विक्रम साहू, विनीत सिंह,दुर्गा साहू, अमित मिश्रा, विशाल कुमार, सोनू ओझा, रवि कुमार आदि थे।


गीतांजलि क्लब, मोरहाबादी


कोकर दुर्गा पूजा कमेटी

दुर्गा पूजा में शांति व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने की शांति समिति के साथ बैठक

# पर्व के दौरान छोटे-छोटे विवादों में ना पड़ें : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को शांति समिति के साथ बैठक की। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि सद्भावना के साथ दुर्गा पूजा संपन्न कराना सर्वधर्म है। इसमें सभी धर्मों की सहभागिता अति महत्वपूर्ण है। सभी धर्म के लोग एकजुटता का परिचय दें, ताकि सभी के सहयोग और सद्भावना और भाई-चारे के समागम के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हो सके। उपायुक्त ने शांति समिति के सदस्यों से छोटे-छोटे विवादों में नहीं उलझने का आग्रह किया। उन्होंने शांति समिति से विवादों को तुरंत समाप्त करने में अपनी सहभागिता निभाने की बात कही। किसी प्रकार के विवाद होने पर जिला प्रशासन को तुरंत सूचना दें।

**सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की पैनी नजर** : डीसी ने लोगों से सावधानी के साथ सोशल मीडिया का प्रयोग करने की अपील की। सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज ना डाले। जिला प्रशासन 24 घंटे सोशल मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। सौहार्द्र बिगाड़ने वाले पर जिला प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। उपायुक्त ने मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन में भी सभी की सहभागिता की बात कही। सभी की सहभागिता से इस पर्व को बड़ा और भव्य बनाया जा सकेगा। बैठक में शांति समिति के सारे सदस्य एवं सभी संबंधित लोग शामिल हुए।

## डीसी और एसएसपी ने अल्बर्ट एक्का से कर्बला चौक तक किया फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दुगार्पूजा के दौरान सुरक्षा को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एसडीओ, सिटी एसपी, डीएसपी, रैफ एवं आईआरबी के जवानों के साथ अल्बर्ट एक्का चौक से डेली मार्केट होते हुए कर्बला चौक तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान एसएसपी ने रोड पर लगी दुकानों को हटाने के साथ कार्रवाई की हिदायत दी। डीसी ने कहा कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। आम जनता को दुर्गा पूजा पंडाल घूमने में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है। एसएसपी ने कहा कि पुलिस के जवान रांची के सभी पंडालों की निगरानी कर रहे हैं। राजधानी में जगह-जगह सुरक्षा को लेकर पेट्रोलिंग गाड़ी घूम रही है। सीसीटीवी की मदद से भी निगरानी की जा रही है। उपद्रवियों से पुलिस कड़ाई से पेश आयेगी।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में कुंवारी कन्याओं का किया गया पूजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर (कृष्णा नगर कॉलोनी) में षष्ठी के दिन मां कात्यायनी की पूजा कर मां की कपूर ज्योत जलाई गई। इसके बाद 6:15 से 6:45 तक कुंवारी कन्याओं ने मां के चरणों में चुनरी एवं नारियल भेंट की। सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक मां दुर्गा सप्तशती एवं श्री दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। आज 108 भक्तों के द्वारा 18 घंटे का अखंड जाप किया जाएगा। कार्यक्रम में कमेटी के प्रधान मनोहर लाल जसुजा रामचन्द्र तलेजा, चन्द्रभान तलेजा, केसर पपनेजा नंदकिशोर अरोड़, अरुण जसुजा, हरीश अरोरा सुशील गेरा, निखिल घेई, हरीश मनुजा, किशोरी मुंजाल, चन्द्रभान पपनेजा, सुनील कटारिया, गौरी शंकर मादनपोत्रा, किशोरी पपनेजा, मनोज किंगर, रौनक मिड्डा, पंकज गखड़, महेश कुक्कड़, देवराज मनुजा, ललित किंगर, विशाल अरोड़ा जिमी अरोड़ा, विकास घई विशाल, नरेश खत्री, विनीत अरोड़ा एवं स्त्री सत्संग सभा की नीलम अरोड़ा, शकुंतला देवी मुंजाल, पुष्पा काठपाल, चंदा तलेजा एवं मां भवानी सेवा मंडल की रूबी अरोड़ा निशा तलेजा भावना किंगर संगीता मिड्ढा, दीप्ति जसूजा सुनीता विज पिंकी तलेजा मीनू मिड्ढा, चेतना अरोड़ा, निशा पपनेजा, रश्मि काठपाल, सबिता मुंजाल, लीना मनुजा एवं समाज की महिलाएं एवं पुरुष भी सहयोग कर रहें हैं।



### सुबोधकांत, बंधु ने बिहार क्लब पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

**रांची।** बिहार क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल का बेलवरण आमंत्रण के साथ मां दुर्गा का पट खुला। सांय काल में देवी का बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास हुआ इसके बाद मां भगवती का श्रृंगार किया गया। साथ ही माता रानी के दर्शन के लिए मां भवानी के भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, आवास बोर्ड के सदस्य अभिलाष साहू, बालमुकुंद सहाय,जय सिंह, संजय सिन्हा (गोपू) राजेंद्र गोपाल उज्जवल तिवारी,विनोद सिंह, राणा रणधीर, किप्टू, बिप्टू, प्रभाकर, बादल सिंह, दिवाकर,दिलीप भैया, समीर आदि सदस्य उपस्थित थे। बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने दी।

इधर, शक्ति स्त्रोत गाड़ीखाना पूजा पंडाल का भी उद्घाटन किया गया। मौके पर आकाश सिंह, संदीप सिंह, सोनू सिंह, आदर्श सिंह, अनिल सिंह, पंकज सिंह, आरिफ बटट शामिल थे।

# सर, सर... गोली मारकर भाग गया, बचा लीजिये

## घटनास्थल पर पहुंच पुलिस ने लहूलुहान तीन लोगों को रांची के जसलोक अस्पताल में भर्ती कराया

### इटकी पुलिस ने एक युवक को पकड़ा सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में की छापेमारी

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची/इटकी।** सर-सर, मुझे भोमा और नरेश को गोली मार दी गई है। जल्दी आइये हालत खराब है। बचा लीजिए मुझे। गोलियों की बौछार में लहूलुहान हुए दीपक सिंह ने गोली लगने के बाद सबसे पहले फोन एक पुलिस ऑफिसर को किया और उक्त बातें कही। यह पुलिस ऑफिसर पहले इटकी में ही थानेदार हुआ करते थे। इस कारण उनका नंबर दीपक सिंह के मोबाइल में था। घबराए दीपक की आवाज सुन इस पुलिस ऑफिसर ने तुरंत इटकी के एक पत्रकार को फोन कर बताया कि यह मैसेज इटकी थानेदार तक पहुंचा दीजिए उनका नंबर फिलहाल मेरे पास नहीं है। लेकिन इटकी थानेदार को घटना की जानकारी मिल चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लहूलुहान दीपक सिंह, भोमा सिंह एवं नरेश महतो को रांची के जसलोक अस्पताल में एडमिट कराया।

रांची के इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में रहने वाले दबंग दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश गड़गांव चौक के पास रंजीत होटल के बाहर बैठे हुए थे। तभी शाम सात बजे के करीब अलग-अलग तीन बाइक पर सवार 6 अपराधी वहां पहुंचे। इसके बाद दीपक, भोमा और नरेश को टारगेट कर गोलियों की बौछार कर दी। अंधाधुंध फायरिंग के बाद स्थानीय कुछ लोग अपराधियों की तरफ लपके, पर सभी शूटर भाग निकले। वारदात के बाद मौके पर जुटे लोगों में कानाफुसी शुरू हो गई। जितनी जुबां, उतनी तरह की बातें सामने आ रही थी। गोली किसने और क्यों मारी गई, इसका खुलासा अभी पुलिस नहीं कर पाई है। बेड़ो ऊरढ सहित कई थानों की पुलिस जांच में जुटी है। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद इलाके में तहलका मच गया। खौफजदा कुछ लोगों ने कहा कि इटकी में गुंडों-बदमाशों में अब कोई डर-भय नहीं रह गया। खौफ में इलाके के धड़ाधड़ हाट, बाजार और दुकानें बंद होने लगी।

इधर, बेड़ो डीएसपी रजत मणि बाखला के नेतृत्व में फरार अपराधकर्मियों की धर-पकड़ के लिए सुखदेवनगर इलाके में छापेमारी की। पुलिस ने एक युवक को पहले पकड़ा और उसके आधार पर सुखदेवनगर थाना इलाके में छापेमारी की जा रही है। घटना स्थल की ओर आने-जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाल रही है। घटना के हर एक पहलुओं को गंभीरता से जांच कर रही है। घटना के 24 घंटे बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है।

### जसलोक अस्पताल ने की दुर्लभ सर्जरी गोलीबारी में 2 घायलों को मिला नया जीवन

**रांची।** इटकी रोड,बजरा स्थित जसलोक अस्पताल के डाक्टर जितेंद्र सिन्हा ने गोली लगे दो मरीजों को नया जीवन दिया है। बता दें कि बुलेट लगे हुए शिवसेना के राज्य अध्यक्ष दीपक सिंह और उनके दो साथियों को गुरुवार रात जसलोक अस्पताल में एडमिट कराया गया था। एक की कनपटी में बुलेट फंसा हुआ था। जबकि दो के जांघ और पीठ में गोली लगी थी। डॉ जितेंद्र सिन्हा और उनकी टीम ने न केवल चेहरे से गोली निकाली, बल्कि युवक के आंखों को भी बचा लिया। उन्होंने बताया कि आंख के पास बुलेट निकालना काफी रिस्क का काम होता है। डॉ जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि प्रथम दृष्टया मुझे गोली के सही जगह का अंदाजा हो गया था। खून का रिसाव और गोली के केमिकल से इन्फेक्शन फैलने से रोकने के लिए मुझे बस यह सुनिश्चित करना था कि आपरेशन जल्दी हो और सटीक हो। उन्होंने कहा कि वरीय पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल अधिकारी और अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला है।



### झारखंड अपराधियों का केंद्र बना : संदीप मुखर्जी

**इटकी/बेड़ो।** इटकी प्रखंड के गढ़गांव निवासी शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह, राम प्रसाद सिंह व नरेश महतो पर अपराधियों द्वारा की गई ताबड़तोड़ फायरिंग को लेकर शिवसेना के राज्य उप प्रमुख संदीप मुखर्जी से कहा कि झारखंड अपराधियों का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा- दीपक सिंह समेत पूरे परिवार को सुरक्षा देने का मांग की है, पर अब तक सुरक्षा नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। राज्य प्रमुख पर जानलेवा हमले से शिवसैनिकों में आक्रोश है। इस विषय पर शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख एवं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी जानकारी दी गई है।

### घायलों से मिलीं विधायक

**इटकी।** गढ़गांव में गुरुवार शाम हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में घायल शिवसेना के झारखंड प्रमुख दीपक सिंह व समाजसेवी घोमा सिंह से मिलने प्रदेश के कांग्रेस नेता बंधु तिर्की व मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंचीं। इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने घायलों से मिल उनका हालचाल जाना और जसलोक हॉस्पिटल के प्रबंधक से बात कर बेहतर इलाज के लिए बात की।

# वैज्ञानिक के घर से तीन लेयर की सुरक्षा तोड़ 20 लाख की चोरी

## राजधानी की सुरक्षा भगवान भरोसे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर राजधानी में पुलिस मुख्यालय की तरफ अतिरिक्त बल मुहैया कराया गया है। इसके बावजूद राजधानी में अपराध दिन पर दिन बढ़ते जा रहे हैं। बीते दिन अपराधियों ने राजधानी में तांडव मचाया। गुरुवार की देर शाम शिवसेना राज्य प्रमुख समेत तीन को गोली मार दी गयी। वहीं, दूसरी तरफ चोरों ने तीन लेयर सुरक्षा कवच को तोड़ते हुए एक वैज्ञानिक के घर से 20 लाख के जेवरात और करीब 3 लाख नकद ले उड़े। पुलिस की पेट्रोलिंग सिर्फ खानापूर्ति कर रह गयी है।

कांके स्थित बिरसा एग्रीकल्चर कॉलेज के वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद के घर को खाली देख चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। चोरों ने घर की तीन लेयर सुरक्षा कवच को तोड़ दिया। फिर घर में रखे 20 लाख के जेवरात और 3 लाख नकद ले उड़े। घटना से पूर्व पूरा परिवार बनारस गया हुआ था। घर में चोरी की वारदात की सूचना मिलने के बाद वैज्ञानिक योगेंद्र प्रसाद शुक्रवार को बनारस से रांची पहुंचे।

### सीसीटीवी कैमरे में दिखे 6 से 7 लोग

चोरी की घटना की सूचना मिलने के बाद कांके थाना प्रभारी आभास कुमार जांच करने पहुंचे। इस दौरान थाना प्रभारी ने डॉग स्कॉवयड और एफएसएल टीम की भी मदद ली। मौके से कई फिंग्रर प्रिंट मिले हैं। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। सीसीटीवी में छह से सात लोग इलाके में घूमते देखे गए हैं आशंका है कि उन्हीं के द्वारा इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

**इन सामानों की हुई चोरी :** तीन लाख नगद, 12 सोने का कंगन, 6 सोने की हार, 25 कान बाली, 2 सेट डायमंड के गहने, 2 डायमंड की नोज पिन, 20 सोने की अंगूठी, 13 सोने कर चेन, 19 चांदी की पायल, मंगलसूत्र, चांदी का सिक्का, मांग टिका और चांदी की हसुली।

# आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन की गजाला परवीन बनीं झारखंड टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल, रांची की ओर से आयोजित जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) की प्रथम वार्षिक परीक्षा में आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन की मेधावी छात्रा गजाला परवीन ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन प्रदेश का अत्याधुनिक सुविधायुक्त अस्पताल आलम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड, रांची की सहयोगी संस्था है। शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मजीद आलम एवं उनकी पुत्री डॉ तरन्नुम अफरोज आलम इस नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त रूप से निदेशक हैं।



ज्ञात हो कि आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन की स्थापना 2019 में हुई थी। मात्र चार वर्षों में ही इस संस्था ने एक प्रतिष्ठित मुकाम हासिल कर लिया है। पिछले दो वर्षों से लगातार आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन के छात्र प्रदेश में प्रथम स्थम हासिल कर रांची का नाम रोशन कर रहे हैं। पिछले वर्ष भी इसी कॉलेज की छात्रा शिलारानी महतो ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

आइडियल एकेडमी ऑफ नर्सिंग एजुकेशन की प्रधानाचार्या श्रीमती जे एंजेलिन ने बताया कि छात्रों को नर्सिंग कुशलता के बारे में तकनीकी रूप से दक्ष बनाना कॉलेज की पहली प्राथमिकता है। कॉलेज में उच्च कोटि की शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ श्रेष्ठ शिक्षक भी छात्रों को कुशल बनाने के लिए समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा- हमारी कोशिश है कि इस कॉलेज के सभी छात्र अपने सुनहरे भविष्य के लक्ष्य को हासिल करें। संस्थान के निदेशक डॉ तरन्नुम अफरोज आलम ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों को सबसे ज्यादा जरूरत एक कुशल नर्स की होती है। हमारा प्रयास है कि यहां के विद्यार्थी अस्पतालों के माध्यम से कुशल नर्सों के रूप में समाज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दे सकें। संस्थान के निदेशक डॉ मजीद आलम, उप-प्रधानाचार्य सुहास केरकेट्टा छात्रा गजाला परवीन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया रामलीला का भव्य मंचन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्र पर जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में बच्चों ने रामलीला का भव्य मंचन किया। प्रभु श्रीराम के जीवन के महत्वपूर्ण अंशों को नाट्य लीला के माध्यम से प्रस्तुत करने का यह बड़ा सुंदर प्रयास था। हिंदू धार्मिक परिधानों से सुसज्जित बच्चों ने अपनी अभिनय कला से सबका मन मोह लिया। सभी बच्चों ने मिलकर गरबा डांस भी किया। अंत में रावण, कुंभकरण और मेघनाद का पुतला दहन भी किया गया।




इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सुनील कुमार ने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन को हमने हमेशा से अपना आदर्श माना है। उनके जीवन संघर्ष से हमने हमेशा से शक्ति पायी है। यही संकल्प और यही विश्वास अपने बच्चों में पुनः जगे, कुछ इसी उद्देश्य को लेकर हमने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसे पूरी तरह से हमारे बच्चों ने ही संचालित किया है। विद्यालय के निदेशक मदन सिंह ने सभी बच्चों, शिक्षकों, कर्मचारियों को दशहरा की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीति उपाध्याय, पापिया देवगढ़िया चक्रवर्ती, श्वेता कुमारी, एवं आकाश रसाइले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### बीएयू में ऑनलाइन व्यापार के लिए प्रशिक्षण

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक की ओर से समर्थित कांके ब्लॉक फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने किसानों के लिये पारचुटु गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण का उदघाटन सीएसआईआर के राष्ट्रीय विज्ञान संचार नीति अनुसंधान संस्थान के वरीय प्रधान वैज्ञानिक डॉ ताराकांत जेना ने किया। उन्होंने कहा कि अब किसानों को मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण के साथ-साथ एक गांव एक उत्पाद की ओर बढ़ना चाहिये। उन्होंने बताया कि वह बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से इस दिशा में कार्य करेंगे। संतोष कुमार ने ई नैम पोर्टल और मोबाइल ऐप के बारे में किसानों को बताया।

### सम्मानित किये गये डॉ हेमलाल मेहता

रांची। डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू को समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित लीगल स्टडीज सेंटर के सभागार में आयोजित विश्व सेवा परिषद के कार्यक्रम में पद्मश्री मधु मंसुरी एवं सांसद संजय सेठ ने संयुक्त रूप से समाज सेवा में अप्रतिम योगदान के लिए समाज सेवा सम्मान 2023 से सम्मानित किया। डॉ मेहता बचपन से ही समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। दहेज प्रथा, डायन प्रथा, नशाखोरी, बाल मजदूरी, बाल विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध गांव-गांव में काम कर लोगों को जागरूक किया। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया।

### बूटी मोड़ के पास अपराधियों ने छीन लिये 2.50 लाख रुपये

**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। शहर के तकरीबन हर सड़क पर पुलिस बल तैनात है। इसके बावजूद बेखौफ अपराधी छिनतई और लूट की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र का है, बूटी मोड़ के पास बाइक सवार अपराधियों ने एक व्यक्ति से ढाई लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना गुरुवार की है, इस संबंध में पीड़ित शकील अहमद ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### रस्सी से पैर बांधकर शव को तालाब में फेंका

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू चौक के पास स्थित एक तालाब से पैर बंधे युवक का शव बरामद किया गया। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में युवक का शव देखा। इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और तालाब से शव को बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### नगर आयुक्त से मिले कांग्रेस नेता शशि भूषण राय

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने रांची नगर निगम मुख्यालय जाकर नगर आयुक्त अमित कुमार से मिले। मुलाकात के क्रम में उन्होंने अमरावती कॉलोनी में अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की शुरूआत करने के लिए क्षेत्रवासियों के तरफ से बधाई दी। इसके बाद अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन की मौजुदगी में विभिन्न जन मुद्दों पर बातचीत की जिसमें चौक चौराहों की सौंदर्यीकरण, लंबी अवधि से छोटे व्यापारियों की दुकान की बंदोबस्ती का मामला, शहर की साफ सफाई एवं अन्य जन मुद्दे शामिल है। नगर आयुक्त अमित कुमार ने कांग्रेस नेता शशि भूषण राय द्वारा दिए गए सभी सुझावों को गंभीरता से लिया और भरोसा दिलाया रांची नगर निगम इस दिशा मे काम करेगी एवं जल्द ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगा।

### ट्रैफिक एसपी से मिला छात्र युवा शक्ति का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** छात्र युवा शक्ति की टीम ने ट्रैफिक एस पी कुमार गौरव के साथ मुलाकात की एवं उनका स्वागत किया। विदित हो कि कुमार गौरव ने एक दिन पूर्व ही ट्रैफिक एसपी के रूप मे योगदान दिया है। इस मुलाकात मे कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने पूजा के सफल संचालन मे युवाओं की भूमिका की सराहना की।

# सीसीएल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम फॉर मास्टर ट्रेनर्स कार्यक्रम आयोजित




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में शुक्रवार को सीवीओ, सीसीएल के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा नैतिकता और शासन (इथिक्स एंड गवर्नेंस) विषय पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीसीएल पंकज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मौके पर पंकज कुमार ने प्रेरक उद्घाटन भाषण दिया। श्री संजय, विभागाध्यक्ष (मा.सं.वि.) ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। उक्त कार्यक्रम में सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 50 प्रतिभागी उपस्थित थे। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के सचिव एसडब्ल्यू भावेशानंद मुख्य वक्ता थे। यह एक बहुत ही संवादात्मक कार्यशाला थी। कार्यक्रम के दौरान नैतिक दुविधाओं के कई मामलों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम को सभी प्रतिभागियों द्वारा खूब सराहा गया।

ज्ञात हो कि उक्त कार्यक्रम 16 अगस्त से 15 नवंबर, 2023 तक चलने वाले त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान का हिस्सा है। इस अभियान के दौरान सतर्कता सम्बंधित रणनीतियां, अनुशासनात्मक कार्यवाही और आईओ/पीओ की भूमिका, साइबर स्वच्छता और सुरक्षा, नैतिकता और शासन इत्यादि विषयों पर कर्मियों एवं हितधारकों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सतर्कता विभाग सहित मानव संसाधन एवं अन्य विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### हाइकोर्ट जज के बॉडीगार्ड की गोली लगने से मौत आत्महत्या की आशंका

**रांची।** हाइकोर्ट के जज जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड बलराम एक्का की गोली लगने से मौत हो गई है। बॉडीगार्ड ने आत्महत्या की है या फिर एक्सीडेंटल गोली चली है, इसकी जांच की जा रही है। रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। अरगोड़ा थाना क्षेत्र का है मामलाः मिली जानकारी के अनुसार गुमला के रहने वाले बलराम एक्का जस्टिस एसएन पाठक के बॉडीगार्ड के रूप में लंबे समय से कार्यरत थे। बलराम जस्टिस के आवास स्थित एक आउटहाउस में ही रहा करते थे। शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 मिनट पर न्याय पथ स्थित जस्टिस के आवास से गोली चलने की आवाज आई। हाउस गार्ड जब मौके पर दौड़े दौड़े पहुंचे तो देखा कि बलराम एक्का अपने कमरे के बाथरूम में खून से लथपथ पड़े हुए हैं, उनका एके 47 राइफल भी पास में पड़ा हुआ था। आनन फानन में बलराम को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रांची पुलिस के अनुसार बलराम को एके 47 से ही गोली चली है।

# आजसू पार्टी में शामिल हुए पूर्व आइएएस अधिकारी ब्रज मोहन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिटायर्ड आइएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व वार्ड पार्षद सोनू सिंह ने शुक्रवार को आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने उन्हें माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि ब्रज मोहन कुमार के पास एक लंबे प्रशासनिक अनुभव है, जिसका लाभ राज्य और पार्टी को मिलेगा। इन्होंने अपने कार्य अवधि के दौरान जो समाज के लोगों की सेवा की है उसे अब आगे ले जाने के लिए पार्टी प्लेटफॉर्म देगी।

झारखंड में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और बिहार की तर्ज पर विधान परिषद के गठन के समर्थन में उन्होंने बात की। उन्होंने कहा कि राज्य में सीटों की संख्या बढ़े और इसके आधार पर विधान परिषद का भी गठन हो। श्री महतो शुक्रवार को कांके रोड स्थित अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे।

पूर्व आईएएस अधिकारी ब्रज मोहन कुमार ने पार्टी की सदयस्ता लेने के बाद कहा कि सुदेश महतो के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों से प्रभावित होकर आजसू में शामिल हो रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के विकास के लिए आजसू पार्टी और सुदेश महतो ही एक मात्र विकल्प है। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे हर संभव पूरा करने की कोशिश करूंगा। मिलन समारोह में आंदोलनकारी नेता देव शरण भगत और रविशंकर मोर्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### शादी का झांसा देकर युवक के परिजनों से पैसे वसूलने वाला गिरोह सक्रिय

**रांची।** खलारी में लगातार शादी के नाम पर लड़कियों का फोटो दिखाकर पैसो की वसूली कर रहे हैं लड़का के परिजनों से। शुक्रवार की सुबह उत्तर प्रदेश के जिला कोसम्बी गांव मंझनपुर निवासी सोनू कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि लड़की से शादी कराने के नाम पर राजेश कुमार ने बुलाया। राजेश कुमार चान्हो थाना पिपरा टोली के ग्राम कमाती का रहने वाला है। राजेश ने लड़के के घर वालों से शादी कराने के नाम पर कई लड़कियों के फोटो दिखाए। फिर लड़के की पसंद जान लड़के के घर वालों से अपने मोबाइल नंबर पर आठ हजार रुपए डालवाए। इसके बाद लड़की के परिजनों को गरीब बता कर शादी करने को पांच लोगों के साथ टोरी बुलाया। इसपर लड़के बहनोई समेत कुल पांच लोग टोरी आए, जिसके बाद उन्हें टोरी से बीजुपाडा बुलाया गया जहां एक होटल पर लड़का और लड़की एक दुसरे को दिखाया। इसके बाद लड़की के शादी के लिए लड़के पक्ष से खरीदारी कराया गया। फिर चालीस हजार रुपए नगद लेकर दूसरे दिन सुबह शादी करने का झांसा देकर मौके से भाग निकले।

# वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के भव्य आयोजन में कोई कसर नहीं छोड़ेगी सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एशिया हॉकी महासंघ ने भारत में पहली बार आयोजित झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, जिसका आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में किया जायेगा। झारखंड सरकार इसका स्पॉन्सर है।

इस आयोजन को लेकर राज्य सरकार, जिला प्रशासन और आयोजकों द्वारा तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन भी लगातार बैठक कर इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। रांची के चौक चौराहे पोस्टर से पट चुके हैं। इसके साथ ही प्रतियोगिता के प्रचार के लिए टीम बस और आयोजकों की गाड़ी में स्टिकरिंग की गई है। वहीं हॉकी स्टेडियम भी जोहार एशिया के पोस्टर से पट चुका है। गौरतलब हो कि भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। सविता कप्तान के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि दीप ग्रेस एक्का उनकी सहायक होंगी। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरूआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा।



### भोलानाथ सिंह ने कहा भारत जीत का दावेदार

हॉकी इंडिया के महासचिव तथा हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है की भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में चैंपियन बनेगी। वर्तमान की भारतीय टीम काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। एशियन गेम्स में चाइना के खिलाफ गोल से चुक गए, नहीं तो वहां भी गोल्ड जीतते।

**यहां रुकेंगी टीमें :** 22 अक्टूबर से टीमों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। भारतीय टीम और जापान की टीम 22 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी। कोरिया की टीम 23 अक्टूबर, मलेशिया की टीम 24 अक्टूबर, चीन और थाइलैंड की टीम 25 अक्टूबर को रांची पहुंचेगी। भारत और कोरिया की टीम होटल पार्क प्राइम में रूकेंगी। वहीं जापान, थाइलैंड की टीम चाणक्या बीएनआर और मलेशिया तथा चाइना की टीम रेडिसन ब्लू होटल में रुकेंगी।

# सरला बिरला विवि में अगले सत्र से होगी एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में एमटेक की पढ़ाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक की अध्यक्षता में बीके बिरला सभागृह में शुक्रवार को भारतीय विज्ञान संस्थान (आइआइएससी) बेंगलुरु में कार्यरत प्रो राधाकांत पाधी ने चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के विषय में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के तरफ से कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने अगले सत्र से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में एमटेक की पढ़ाई शुरू करने की घोषणा की। ज्ञात हो कि आइआइएससी में एयरोस्पेस विभाग के प्रोफेसर राधाकांत पाधी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान-3 मिशन के महत्वपूर्ण सदस्य रहे हैं। स्वागत भाषण में सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने उनके चंद्रयान-3 में दिये गये योगदान की सराहना की। विवि के प्रमुख कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रो राधाकांत पाधी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव, सभी संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षकगण आदि मौजूद थे।



स्पीड न्यूज

## आयुष ग्राम नवाडीह में 1000 औषधीय पौधे का वितरण

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के आयुष ग्राम नवाडीह में शुक्रवार को आयुष विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर औषधीय पौधा लगाकर पौधारोपण किया गया। राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के डॉ रूपा रानी और वार्ड सदस्य ने एक हजार औषधीय पौधा लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। डॉ रूपा रानी ने कहा कि औषधीय पौधों से हमें आक्सीजन के साथ कई प्रकार की औषधि मिलती है। ऐसे में पौधों की देखभाल करनी चाहिए।

## चैतन्य नौ देवियों की झांकी आज

**खलारी।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर में शनिवार को नौ देवियों की चैतन्य झांकी एवं सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन दिखाया जाएगा। कार्यक्रम 21 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक होगा। ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने बताया कि 4 घंटे के इस कार्यक्रम में चैतन्य नौ देवियों के साक्षात दर्शन होंगे।

## पूजा पंडाल से मोबाइल और माइक की चोरी

**बेड़ो।** महादानी मंदिर परिसर में स्थित मां संतोषी के मंदिर परिसर में रखे एक मोबाइल दो माइक व रामचरितमानस पाठ के स्टेन में लगे चार माइक को गुरुवार की रात को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ले गए। श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा पंडाल में रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया है। जिसमें बसंत साउंड का साउंड सिस्टम लगा हुआ है। रात में पाठ खत्म होने के बाद ऑपरेटर सोमरा गोप ने संतोषी मां के मंदिर परिसर में रखे साउंड सिस्टम के समीप सो गया। सुबह उठकर जब वह देखा कि सिस्टम के पास रखे दो माइक व उसका मोबाइल वहां पर नहीं है। वही रामचरितमानस पाठ में भी स्टेन में लगे चार माइक नहीं थे।

## मांडर बीडीओ को दी गई विदाई

**मांडर।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बीडीओ सुलेमान मुंडरी को विदाई दी गई, जबकि मांडर सीओ विजय हेमराज खलखो को बीडीओ के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया गया। मौके पर श्री मुंडरी ने कहा कि जीवन का यह तीन साल मेरी जिंदगी में सदा ही अविस्मरणीय रहेगा। आप लोगों का प्रेम मुझे प्राप्त हुआ है, इसे मैं कभी भुला नहीं सकता। समारोह में श्री खलखो ने कहा कि मुझे भरोसा है कि आप सबों का सहयोग हमें मिलता रहेगा।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**ओरमांझी।** एनएच–20 रांची रामगढ़ माग पर एक युवक वाहन की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गुरूवार रात 11 बजे की घटना के संबंध में बताया गया कि थाना क्षेत्र के मधुवन होटल के पास युवक सड़क पार कर रहा था। तभी रांची से रामगढ़ की ओर जा रही अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी द्वारा पुलिस द्वारा युवक की शव को पोस्टर्माटम के लिए रिम्स भेज दिया गया। युवक की पहचान नही हो सकी।

## गेतलसूद दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन

**सिकिदिरी।** गेतलसूद दुर्गा पूजा पंडाल का शुक्रवार को उदघाटन किया गया। उदघाटन पूजा समिति के अध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जैलेन्द्र कुमार ने किया।

# प्रशासन की पहल पर मौत के दो दिन बाद दफनाया महिला का शव

- धर्म परिवर्तन के कारण गांव के श्मशान में शव दफनाने से ग्रामीणों ने रोका

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के गगारी में धर्म परिवर्तन करने वाली एक महिला को गांव वालों ने गांव के श्मशान में शव को दफनाने नहीं दिया। स्वजनों ने दो दिन बाद अपने घर के आंगन के पास शव को दफनाया। बताया गया कि छपरटोली गांव की आदिवासी महिला कोयलो देवी पांच वर्ष पूर्व धर्म परिवर्तन कर ईसाइ धर्म अपना ली थी। 18 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई थी। इस कारण गांव वालों ने महिला के शव को गांव के श्मशान में दफन करने का विरोध कर रहे थे। स्वजन व परिचितों द्वारा शव को दफनाने के लिए एक गांव से दूसरे गांव लेकर गए, लेकिन दूसरे गांव खंटगा में भी लोगों ने विरोध कर दिया। दो दिन बाद भी शव दफन नहीं हुआ। जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को प्रशासन गांव पहुंचा। सीओ नितिन शिवम गुप्ता, थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख जयगांविंद उर्फ लालू साहू पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों के साथ मुखिया धनराज बेदिया के घर में बैठक हुई। इसमें निर्णय हुआ कि मृतक के स्वजन अपनी भूमि पर शव दफन करेंगे। बाद में मृतक के घर के आंगन के समीप की भूमि पर शव को दफन किया गया। मौके पर मुखिया धनराज बेदिया, शिवटहल नायक, रमेश उरांव, पास्टर मजेंद्र नायक, मृतक का बेटा गंगा बेदिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



शव दफनाने के लिए कब्र खुदवाने के लिए पहुंचे पदाधिकारी।

### पहले भी हो चुकी है इस तरह की घटना

इससे पूर्व भी गांव वालों ने गांव की एक 18 वर्षीय छात्रा को भी गांव में दफन नहीं होने दिया था। उस वक्त भी एक गांव से दूसरे गांव में शव दफनाने का प्रयास किया गया था। सभी गांव में विरोध के बाद छात्रा की मौत के दो दिन बाद रांची के किसी कब्रिस्तान में शव को दफनया गया था। 24 अप्रैल 2020 को धर्मांतरण कराने वाले परिवार बड़ागगारी निवासी झरी बेदिया की बेटी और एसएस हाई स्कूल ओरमांझी की 10वीं की छात्रा अंजली कुमारी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। शव दफनाने के लिए गांव में क्रब खोदा जा रहा था। तभी ग्रामीणों द्वारा विरोध कर गांव में शव दफन करने से रोक दिया गया था। इसे लेकर ग्रामीणों की बैठक भी हुई थी। उस वक्त ग्रामीणों ने शर्त रखी थी कि मतांत्रित होने वाले जबतक अपने धर्म में पुनः वापसी को तैयार नहीं होंगे गांव में शव दफन नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना था कि धर्मांतरण कराने वाले पास्टर मजेंद्र नायक द्वारा कहा गया था कि जो भी समस्या होगी उसे हम देखेंगे।

### दुर्गा पूजा के बाद होगा समाधान

प्रशासन ने कहा कि दुर्गा पूजा के बाद समाधान होगा। दो दिन तक शव दफन नही हुआ था। जिसे लेकर हुई बैठक में उपस्थित सीओ नितिन शिवम गुप्ता व थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने लोगों को समझाया और कहा कि दो दिन से शव घर में पड़ा है। पहली प्राथमिकता है कि शव को दफन होना चाहिए। कहा कि दुर्गा पूजा के बाद बैठक कर समस्या का समाधान किया जाएगा। वहीं पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने भी कहा कि मृतक को अपनी भूमि में दफन करने में किसी को आपत्ती नहीं होनी चाहिए। इसके बाद ग्रामीण व मृतक के स्वजन तैयार हो गए। प्रशासन खुद कब्र खुदवाने पहुंचा था।

# अनगड़ा : मासू गांव में कुआं में डूबने से मां-बेटे की मौत





खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** मासू गांव में शुक्रवार शाम चार बजे के करीब मां और बेटे की कुआं में डूब कर मरने का एक दर्दनाक हादसा हुआ। इस हादसे से दूर्गा पूजा का उत्सव मातम में बदल गया और पूरे गांव में शोक का लहर फैल गयी। घटना के संबंध में बताया गया कि शुक्रवार शाम चार बजे के करीब राजेंद्र मुंडा की पत्नी पिंकी देवी 30 वर्ष अपने 12 वर्षीय पुत्र के साथ बारी में मिर्चा का पौधा को कुआं से डोल रस्सी के शहारे पानी निकाल कर सिंचाई कर रही थी। पिंकी देवी कुआं के बीच में रखे बांस में एक पांव रखकर पानी भरने के क्रम में बांस के टूटने और पांव फिसलने से वह कुआं में गिर गयी। अपनी मां को कुआं में गिरा हुआ देख पास ही खड़ा पुत्र अनुराग मुंडा मां को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी कुआं में गिर गया और पानी में डूब गया। दम घुटने से दोनों की मौत हो गयी। आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिलने के बाद तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी गयी। सूचना पाकर अनगड़ा पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंच कर शवों का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुलिस घटना की छान बीन कर रही है।

### पूजा की खुशी मातम में बदली

# हटिया विधायक ने बांटे मुआवजे का चेक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने प्रखंड सभागार में आपदा प्रबंधन के तहत 12 लाभुकों के बीच 11.5 लाख के चेक का वितरण किया। इसमें कुंबाटोली के रामेश्वर उरांव को 2 लाख मिले। सड़क हादसे में उनकी पत्नी और पुत्री की मौत हो गयी थी। पाली के नारायण कान्दू, कमड़े की सुनीता देवी व सुधीर सिंह, उषामातु की पुनम देवी, चटकपुर शांति नगर की सुनीता गुप्ता, काठीटांड़ शिमला कॉलोनी के अनिल तिवारी, न्यू आनंद नगर के बिनोद यादव और मनोज विश्वकर्मा तथा तारूप की वीणा देवी को 1.1 लाख के चेक दिये गये। दुर्घटना में इनके पति और पुत्र की मृत्यु हो गयी थी। इधर चितरकोटा छोटकाटोली निवासी कृषक भीखा उरांव का वज्रपात से बैल मर गये थे। इन्हें 50 हजार का चेक दिया गया। इस दौरान मृतकों के कई परिजन फफक कर रो पड़े।



### कार्यक्रम में लिये भाग

प्रमुख संगीता तिर्की, सीओ प्रदीप कुमार, सीआई संतोष उरांव, अंचल नाजिर शिवकुमार लोहरा, जेम्स खलखो, कृष्णा भगत, सुरेंद्र कच्छप, संजय मुंडा, फुलमनी देवी, हल्के के राजस्व उप निरीक्षक, अंचल कर्मी, पंचायत प्रतिनिधि व भाजपा मंडल अध्यक्ष आदि।

## मुड़मा में राजी पड़हा जतरा समिति की बैठक



**मांडर।** ऐतिहासिक मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को मुड़मा में राजी पड़हा जतरा समिति की बैठक धर्म गुरु बंधन तिग्गा की अगुवाई में हुई। इस दौरान 30–31 अक्टूबर को लगने वाले जतरा में शांति एवं विधि व्यवस्था के अलावा पाड़हा के खोड़हा व घोल को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गयी। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर रांची के उपायुक्त व एसएसपी को ज्ञापन देने की बात कही गई। मौके पर भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, जगराम उरांव, अनिल उरांव, रंथू उरांव, बिहारी उरांव, शाहदेव उरांव, जतरु उरांव, मनोज उरांव आदि उपस्थित थे।

## इटकी के पंडालों में हुई बेलवरण पूजा

**इटकी।** इटकी प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को बेलवरण पूजा के साथ ही दुर्गा पूजा की चहल-पहल शुरू हो गयी। क्षेत्र के सभी पंडालों का पट शनिवार 21 अक्तूबर को आम लोगों के दर्शन के लिये खोल दिया जायेगा। इससे पूर्व जलाशयों से पूजा अर्चना के बाद डोली पर बैठा कर नवपत्रिका के रूप में मां दुर्गा को पूजा पंडाल लाया जायेगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-23, दिनांक 19.10.2023;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रांची मंडल के हटिया-मुरी-कोटशिला एवं हटिया-ओरगा अनुभाग में क्रिटिकल मॉस्ट का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,22,52,801.80। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 2,61,300; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 14.11.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-736)**

## कांके में पंडाल का उद्घाटन



## रातू के झखराटांड़ में नवरात्र पर उत्सवी माहौल

**रातू।** झखराटांड़ शिव-दुर्गा मंदिर में शारदीय नवरात्र पर उत्सवी माहौल है। दुर्गा स्तुति से क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। प्रत्येक शाम साढ़े सात बजे महाआरती हो रही है। माता की दरबार में लोग हाजिरी लगा रहे हैं। मंदिर संचालन समिति की ओर से भक्तों के बीच प्रसाद बांटा जा रहा है। इसमें झखराटांड़, संजय नगर, बाजारटांड़, आमटांड़, हुरहुरी, फेटा, चिलदाग, टीपूटोली, टोंगरीटोली, मलमाड़ू, तारूप, उषामातू व टिकराटोली के सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसे लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं।

**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर–DOPR/DE/Ranchi/15/2023-24 PR.No 308182**

| S.No | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Repair & Painting work of Lobby & Rooms of 100 Beded Hostel, South Campus. | 99,98,000.00 | 1,99,960.00 | 10,000.00 | 09 माह |

नोट :–केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।
1.अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि– 28.10.2023
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–30.10.2023 से 04.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं निविदा दस्तावेज हार्ड कॉपी में जमा करने की तिथि–06.11.2023 को अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि–07.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 8. परिमाण विपत्र का मूल्य (जो लौटाया नहीं जायेगा) किसी स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जायेगा जो जिला अभियन्ता, जिला परिषद, रॉंची के पदनाम से प्लेज्ड होगा एवं रॉंची में भुगतेय होगा।
9. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
10. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
11. इस निविदा में जिला परिषद, रॉंची / भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,रॉंची

PR 309695 Panchayati Raj(23-24).D

## खलारी: अवैध शराब के खिलाफ छापामारी

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालोंग शुक्रवार साप्ताहिक बाजार में अवैध शराब बेचनेवालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह के नेतृत्व में एएसआई मिर्जा सोरेन के नेतृत्व में पुलिस के जवान बाजार पहुंचे। जहां बड़े पैमाने पर देसी शराब बिक रही थी। दुकान लगाकर महुआ शराब मांस और चखना की बिक्री हो रही थी। पुलिस पहुंचने पर उनके बीच भगदड़ मच गई।

# हादसे में जीएनएम घायल, दो घंटे बंद रहा ओपीडी

- चालक के खिलाफ मामला दर्ज, बुलेट जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सीएचसी की जीएनएम सेयानी हेरेंज गुरुवार की दोपहर सड़क हादसे में जख्मी हो गयी। हर्षित हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुरुनानक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी सिरए छातीए हाथ व पैर में चोटें आयी है। घटना के विरोध में शुक्रवार की सुबह स्वास्थ्य कर्मियों ने पुलिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से दो घंटे तक ओपीडी बंद रख धरने पर बैठ गये। स्वास्थ्य सेवा बाधित होने की सूचना मिलते ही थानेदार सपन महथा ने कर्मियों को समझा.बुझाकर शांत कराया। इसके उपरांतए उन्होंने पीड़िता की भतीजी मुकलित आईंद के बयान पर आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 279, 337 व 338 के तहत कांड संख्या 415-23 दर्ज करते हुये बुलेट को जब्त कर लिया। एएसआई सुधीर कुमार बतौर आईओ इसकी जांच कर रहे हैं।

### क्या है मामला

श्रीमती हेरेंज दिन के 12 बजे काठीटांड़ चौक में बने पूजा पंडाल में जिला प्रशासन की ओर से जारी दिशा–निर्देश से संबंधित बैनर लगाने गयी थीं। हालांकि आयोजन समिति ने बैनर लगाने से मना कर दिया। इसके बाद वह सीएचसी लौट रही थीं। इस बीच बुलेट जेएच 01 ईटी 1360 सवार युवक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गयीं।

# भांटबोड़ेया में निकली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** मां शारदीय दुर्गा पूजा समिति भांटबोड़ेया के तत्वावधान में शुक्रवार को षष्ठी के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश वितरण राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद, विधायक समरीलाल, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, कमलेश राम, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अमरनाथ चौधरी समेत अन्य अतिथियों ने किया। मौके पर विधायक ने पूजा स्थल से तालाब, सड़क को पक्कीकरण कराने की बात कही। वहीं सांसद ने कहा कि दुर्गा पूजा हम सभी को बुराई को त्यागकर अच्छाई को अपनाने का संदेश देता है। कलश यात्रा में 351 कन्याओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा पूजास्थल से बरौदी, बंसरी, उरुगुट्टू होते हुए पुनः दुर्गा मंडप पहुंचा। कलश यात्रा को सफल बनाने में समिति के लाल अमन शाहदेव, कलेश्वर महतो, सुभाष पुरी, कौशल साहु, अमृत महतो, विकास साहु, मणिकांत साहु, बिजय महतो, सूरज महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।



## बालिका फुटबॉल टूर्नामिंट में ओबर हराबेड़ा ने मारी बाजी

**अनगड़ा।** भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र नवागढ़ के द्वारा रंगामाटी बरवाटोली फुटबॉल मैदान में एक दिवसीय बालिका फुटबॉल टूर्नामिंट का आयोजन किया गया। मैंच का शुभारंभ नावागढ़ मुखिया भुवनेशवर बेदिया विवेकानन्द सेवा केन्द्र बरवाटोली के अध्यक्ष संतोष बेदिया एवं भगिनी निवेदिता सेवा केन्द्र के सचिव पार्वती कुमारी के द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। फाईनल मैच ओबर हड़राबेड़ा एवं भोगना बेड़ा के बीच खेला गया।

**कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 11/2023–24**

वितीय वर्ष 2023–24 में जिला परिषद, कोडरमा के स्व–आय से आम नागरिकों की सुविधा हेतु निम्न वर्णित स्थानों पर 26 अदद हाई मास्ट सोलर लाईट अधिष्ठापन हेतु दिनांक–28.10.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता जिला परिषद, कोडरमा।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–28.10.2023 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
3. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–28.10.2023 (अपराह्न 04:00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
5. कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | | योजना का नाम | स्वीकृत राशि | निविदा शुल्क की राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सतगांवा | 1 | बासोडीह पंचायत के बस स्टैंड के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 468000.00 | 750.00 | 9500.00 |
| | | 2 | शिवपुर पंचायत के शिवपुर निरंकार बाबा के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 02 | चन्दवारा | 3 | पंचायत चन्दवारा पूर्वी ग्राम चन्दवारा बजरंगबली चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 936000.00 | 1250.00 | 19000.00 |
| | | 4 | पंचायत थाम के ग्राम थाम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, थाम चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 5 | पिपराडीह ग्राम में पिपराडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 6 | ग्राम कांको में पंचायत भवन के सामने एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 03 | जयनगर | 7 | कटहाडीह पंचायत के अंतर्गत कटहाडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1404000.00 | 2500.00 | 28500.00 |
| | | 8 | तमाय पंचायत के अंतर्गत ग्राम धरेडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 9 | पेठियाबागी चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 10 | पिपचो चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 11 | पंचायत रूपायडीह बाघामारा चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 12 | पंचायत तेतरौन तेतरौन मोड़ पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 04 | मरकच्चो | 13 | ग्राम पंचायत नावाडीह के ग्राम नावाडीह दुर्गा मंडप के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 936000.00 | 1250.00 | 19000.00 |
| | | 14 | ग्राम मरकच्चो स्थित बंधन चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 15 | मरकच्चो प्रखण्ड के प्रखण्ड मुख्यालय स्थित ब्लॉक चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 16 | ग्राम पंचायत देवीपुर के ग्राम देवीपुर चौक के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 05 | कोडरमा | 17 | पंचायत डुमरडीहा ग्राम लाराबाद चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1170000.00 | 2500.00 | 23500.00 |
| | | 18 | पंचायत इन्दरवा ग्राम इन्दरवा चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 19 | पंचायत बेकोबार के उतरी ग्राम बिच्छी पहरी शिवमंदिर चौराहा रोड पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 20 | पंचायत करमा के करमा चौक रांची पटना रोड के बगल मुंशी यादव होटल के सामने एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 21 | मेघातरी बस पड़ाव के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| 06 | डोमचांच | 22 | ग्राम पंचायत मधुबन भेलवाटांड बजरंगबली मैदान के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | 1170000.00 | 2500.00 | 23500.00 |
| | | 23 | पंचायत ढोढाकोला के हाट बाजार में एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 24 | मसमोहना बाराडीह मोड़ पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 25 | कुण्डीधनवार निमाडीह बाजार के पास एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |
| | | 26 | बगरीडीह चौक पर एक सोलर हाई मास्ट लाईट का अधिष्ठापन। | | | |

निविदा की नियम एवं शर्ते WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा

PR 309676 Panchayati Raj (23-24)_D

# रातू : पूजा पंडालों के पट खुले, भक्तों ने किये दर्शन

- मां शारदे से की मन्नतें क्षेत्र में उत्सवी माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** तिलता देवी मंडप शिव मंदिर दुर्गा पूजा समिति की ओर से निर्मित पंडाल में मां भवानी की मूर्ति स्थापित होने के बाद डीएसपी प्रवीण सिंह और लेडी केसी राय के निदेशक प्रणव रॉय ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने मां शारदे का दर्शन-पूजन कर मन्नतें की। इससे पूर्व समिति के पदधारियों की ओर से श्री सिंह और श्री रॉय का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें चुनरी भेंट की गयी। पंडालों का पट खुलने के बाद पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। मौके पर अनिल दयाल, सुरेश गुप्ता, विवेक सिंह, बिहारी साहू, मुखराम सिंह, रामेश्वर दयाल, चेतन, यशवंत सिंह, कृष्णा उरांव, अमित तिवारी, सुबोध साहू, सुषमा तिर्की व पुजारी ललन भारद्वाज आदि मौजूद थे।

### यहां भी खुले पंडाल के पट

क्षेत्र के पिर्रा, भवानी नगर, गायत्री नगर, रवि स्टील चौक, पाली, महादेव टंगरा, दलादिली, कटहल मोड़, सुंडिल, चटकपुर, धनई सोसो व चटकपुर में बने पंडालों में षष्ठी पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिये पट खोल दिये गये। मां भगवती की दर्शन–पूजन के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्ति गीत–संगीत से माहौल गुंज रहा है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। स्वयं सेवक भी मुस्तैद हैं।



